करते हैं खाटू बाबा

मेरा आपकी कृपा से, सब काम हो रहा है,
करते हैं खाटू बाबा, मेरा नाम हो रहा है.....

पतवार के बिना ही, मेरी नाव चल रही है,
हैरान है ज़माना, मंजिल भी मिल रही है,
करता नहीं मैं कुछ भी, सब काम हो रहा है,
करते हैं खाटू बाबा, मेरा नाम हो रहा है.....

तुम साथ हो जो मेरे, किस चीज की कमी है,
किसी और चीज की, अब दरकार ही नहीं है,
तेरे साथ से गुलाम, अब गुलफाम हो रहा है,
करते हैं खाटू बाबा, मेरा नाम हो रहा है.....

मैं तो नहीं हूँ काबिल, तेरा पार कैसे पाऊं,
टूटी हुयी वाणी से, गुणगान कैसे गाऊं,
तेरी प्रेरणा से ही, सब ये कमाल हो रहा हैं,
करते हैं खाटू बाबा, मेरा नाम हो रहा है.....

मुझे हर कदम कदम पर, तूने दिया सहारा,
मेरी ज़िन्दगी बदल दी, तूने करके एक इशारा,
एहसान पे तेरा ये, एहसान हो रहा है,
करते हैं खाटू बाबा, मेरा नाम हो रहा है.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/28595/title/karte-hai-khatu-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |